# बिहार विधान परिषद

(200वां बजट सत्र)

## 24 मार्च, 2022

----

**[कृषि - पथ निर्माण - ग्रामीण विकास - भवन निर्माण - ग्रामीण कार्य - पंचायती राज पशु एवं मत्स्य संसाधन ].**

**कुल प्रश्न 21**

----

### पुलों का निर्माण

***135 डा. वीरेन्द्र नारायण यादव (स्नातक सारण):**

क्या **पथ निर्माण** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पश्चिम चम्पारण जिला के मधुबनी प्रखंड में बांसी नदी पर सिसवा घाट पुल निर्माण एवं भितहा प्रखंड में झवठिया घाट पुल निर्माण जनहित में अति आवश्यक है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दोनों पुलों का निर्माण जनहित में कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

### रोशनी की व्यवस्था

***266 श्री रामचन्द्र पूर्वे (विधान सभा):**

क्या **पथ निर्माण** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि राज्य के पटना सहित अन्य जिलों के मुख्य सड़कों एवं पुलों पर रोशनी की व्यवस्था नहीं होने के कारण सर्दी के मौसम में कोहरे एवं धुंध के प्रभाव में रात के अंधेरे में हादसा का खतरा बढ़ जाता है;

(ख) क्या यह सही है कि पटना के गांधी सेतु और भागलपुर के विक्रमशिला सेतु पर रोशनी नहीं रहने के कारण वहां बराबर घटना होती रहती है;

(ग) क्या यह सही है कि मुख्य सड़कों को बनाने वाली एजेंसी सड़क बनाकर और उस पर रोशनी की व्यवस्था कर विभाग को सौंप देती है, ससमय मॉनिटरिंग नहीं होने के कारण पुल एवं मुख्य सड़कें अंधकार में डूबे रहते हैं;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार हादसा रोकने हेतु जनिहत में राज्य के मुख्य पुल एवं सड़कों पर रोशनी की व्यवस्था कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## सुरक्षा दीवार का निर्माण

***267 डा. संजीव कुमार सिंह (कोशी शिक्षक):**

क्या **ग्रामीण कार्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि ग्रामीण सड़कों को बाढ़-कटाव से सुरक्षित रखने हेतु प्रभावित हिस्से में 'सुरक्षा-दीवार' के निर्माण के लिए विभागीय स्तर से कोई कार्य-योजना वर्तमान में नहीं है;

(ख) क्या यह सही है कि सुरक्षा-दीवार नहीं रहने के कारण बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की सड़कें तेज हवा में पानी के थपेड़ों के कारण भी क्षतिग्रस्त हो रही हैं और उस हिस्से के पुनर्निर्माण में भी अनावश्यक व्यय-भार वहन करना पड़ता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की वैसी सड़कों को चिन्हित कर सुरक्षा-दीवार के निर्माण का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## तालाबों का संरक्षण

***268 डा. प्रमोद कुमार (मनोनीत):**

क्या **ग्रामीण विकास** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि जहानाबाद जिला के काको प्रखंड के धरहरा गांव में बावन विगहा नाम से एक तालाब अवस्थित है;

(ख) क्या यह सही है कि तालाब अतिक्रमण के कारण अपना स्वरूप खोते जा रहा है

जिससे इस तालाब के सूखने का खतरा उत्पन्न हो गया है;

(ग) क्या यह सही है कि राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल-जीवन-हरियाली के अंतर्गत तालाब, पोखर, कुँआ इत्यादि के संरक्षण हेतु योजना चलाई जा रही है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार काको प्रखंड के गांव धरहरा में अवस्थित तालाब को संरक्षित करने हेतु योजना बनाना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## सडक का निर्माण

***269 श्री केदार नाथ पाण्डेय (सारण शिक्षक ):**

क्या **ग्रामीण कार्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि शिवहर जिलान्तर्गत पुरनहिया प्रखंड के बसंत बाजार से गढ़वा चंडिहा जाने वाली सड़क जर्जर है;

(ख) क्या यह सही है कि यह सड़क कारगिल शहीद स्व. मेजर चन्द्रभूषण द्विवेदी के नाम पर है;

(ग) क्या यह सही है कि इस संबंध में कई बार उच्चाधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया गया किन्तु आज तक सड़क-निर्माण में किसी प्रकार की रुचि नहीं ली जा रही है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड 'क' में वर्णित सड़क का निर्माण कबतक कराना चाहती है?

----

## सड़क को अतिक्रमण से मुक्त

***270 प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

क्या **पथ निर्माण** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि मुजफ्फरपुर शहर के राम दयालू रेलवे गुमटी से पटना जाने वाली लगभग एक किलोमीटर तक मुख्य सड़क के दोनों ओर प्रतिदिन सुबह शाम बालू से भरे ट्रक एवं ट्रैक्टर लगाकर सड़क का अतिक्रमण करने वहां प्रायः जाम की स्थिति बनी रहती है और आम लोगों को काफी परेशानी होती है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सार्वजनिक हित में सरकार

उक्त सड़क को अतिक्रमण से मुक्त कराकर जाम से निजात दिलाना चाहती है?

----

## उचित अनुदान

***271 मो. फारूक (विधान सभा):**

क्या **कृषि** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि तीन से पांच फरवरी, 2022 के बीच राज्य के शिवहर अनुमंडल के सभी प्रखंड, पूर्वी चंपारण के सिकरहना एवं पकड़ी दयाल अनुमंडल के सभी पंचायत सीतामढ़ी जिला के बेलसंड एवं सीतामढ़ी अनुमंडल के पंचायतों में हुई भारी वर्षा एवं ओला पड़ने के कारण किसानों के दलहन, तिलहन एवं गेहूं की फसल पर अत्यंत प्रतिकूल असर पड़ा है;

(ख) क्या यह सही है कि अबतक इस आसमानी आफत के लिए किसानों को फसल क्षतिपूर्ति अनुदान नहीं मिलने के लिए कारण हतोत्साहित एवं परेशान हैं;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्रभावित किसानों को उचित अनुदान मुहैया कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

----

## पुल का निर्माण

***272 श्री सी.पी; सिन्हा उर्फ चन्देश्वर प्रसाद सिन्हा (विधान सभा):**

क्या **पथ निर्माण** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिला अन्तर्गत एन.एच.- 139 से नौबतपुर-मसौढ़ी मुख्य मार्ग पर सोन कैनाल पर लख-निसरपुरा के पास पुल बहुत ही संकीर्ण है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त पुल के संकीर्ण होने के कारण हमेशा जाम की समस्या बनी रहती है;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त पुल के निर्माण की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति 2020 में मिल चुकी है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पुल का प्राथमिकता के आधार पर निर्माण कराकर लोगों को जाम की समस्या से मुक्ति दिलाना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## अनुशासनात्मक कार्रवाई

***273 श्री अर्जुन सहनी (विधान सभा):**

क्या **पशु एवं मत्स्य संसाधन** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि बिहार मत्स्य जलकर प्रबन्धन अधिनियम, 2006, समय-समय पर यथा संशोधित एक पूर्ण संहिता है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त अधिनियम की धारा- 10 के आलोक में स्थानीय मछुआ सदस्यों की बन्दोबस्ती में प्राथमिकता देनी है जिसे सुनिश्चित कराने हेतु उक्त अधिनियम की धारा- 7 (xii) (ड़) के 'परन्तुक' के द्वारा जिला मत्स्य पदाधिकारी की जवाबदेही निर्धारित है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जिला मत्स्य पदाधिकारी, दरभंगा के द्वारा दरभंगा प्रखण्ड में अवस्थित जलकरों की बन्दोबस्ती अधिनियम की धारा- 7 (xiii) (ड़) सह-पठित धारा- 10 के उल्लंघन में / करने के आलोक में उक्त पदाधिकारी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## दोषी पर कार्रवाई

***274 श्री प्रेम चन्द्र मिश्रा (विधान सभा):**

क्या **ग्रामीण विकास** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत, बरौली प्रखंड के श्री दामोदर चौबे, चौवे टोला, वार्ड नं.-10 को कई वर्ष पूर्व इंदिरा आवास स्वीकृत हुआ है;

(ख) क्या यह सही है कि इन्हें जान-बूझकर इंदिरा आवास का लाभ अभी तक नहीं दिया गया है;

(ग) यदि उपर्युकत खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दोषी पर कार्रवाई करते हुए इन्हें कबतक इंदिरा आवास की पहली किस्त देना चाहती है, नहीं तो क्यों?

----

## कार्रवाई कबतक

***275 डा. रामवचन राय (मनोनीत):**

क्या **ग्रामीण कार्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि मुख्य अभियंता 03, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना ने अपने ज्ञापांक-5516, दिनांक-05.08.2019 के द्वारा दरभंगा परिसदन में दिनांक- 01.08.2021 को हुई समीक्षात्मक बैठक में विभाग के सचिव के द्वारा दिये गए निर्देश के आलोक में एक अनुपालन प्रतिवेदन सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को समर्पित किया था किन्तु उस आलोक में अबतक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की जा सकी है;

(ख) क्या यह सही है कि मुख्य अभियंता 03 का यह प्रतिवेदन सरकारी राशि के गबन से संबंधित है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो इस संबंध में अबतक सरकार के द्वारा किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं किए जाने का क्या औचित्य है और क्या सरकार अब भी किसी प्रकार की कार्रवाई करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## पथ का निर्माण

***276 श्री नीरज कुमार (पटना स्नातक):**

क्या **पशु एवं मत्स्य संसाधन** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि मोकामा, गोशाला रोड स्थित श्रीकृष्ण गोशाला जीर्ण-शीर्ण है, जो विगत कई वर्षों से बंद पड़ा है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार श्रीकृष्ण गोशाला का जीर्णोद्धार कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## कैरेज व्यवस्था लागू

***277 डा. वीरेन्द्र नारायण यादव (स्नातक सारण):**

क्या **ग्रामीण विकास** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि मनरेगा योजना में कैरेज व्यवस्था लागू नहीं होने से ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों का निर्माण नहीं हो रहा है;

(ख) क्या यह सही है कि ग्रामीण सड़कों में बाहर से मिट्टी ढोकर लाना होता है लेकिन कैरेज व्यवस्था नहीं होने से सड़क निर्माण कार्य बाधित है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मनरेगा योजना में कैरेज व्यवस्था लागू करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## भवनों का निर्माण

*278 **श्री सुनील कुमार सिंह (विधान सभा):**

क्या **पंचायती राज** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि राज्य की 3200 ग्राम पंचायतों में वर्ष 2011 तक पंचायत सरकार भवन का निर्माण कार्य पूरा करना था, पर अभीतक करीब 1450 ही बन पाए हैं;

(ख) क्या यह सही है कि 3200 में से 252 पंचायतों में पंचायत सरकार भवन के लिए जमीन उपलब्ध नहीं है;

(ग) क्या यह सही है कि पटना जिला में 73, बक्सर जिला में 11, सिवान जिला में 46, गोपालगंज जिला में 13 पंचायतों में पंचायत सरकार भवन निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध नहीं है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार 1750 पंचायत सरकार भवनों का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## पुल का निर्माण

*279 **प्रो. (डा.) रामबली सिंह (विधान सभा):**

क्या **ग्रामीण कार्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि अरवल जिलान्तर्गत प्रखंड-वंशी, पंचायत-चमंडी के ग्राम-कुतुपुर उत्तरबाड़ी विगहा में सेनाने नदी पर पुल नहीं बनने के कारण हजारों लोगों को आवागमन में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ता है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त पुल बन जाने से कुर्था प्रखंड वंशी प्रखंड आपस में सड़क मार्ग से जुड़ जाएंगे;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पुल बनाने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## बकाए मानदेय का भुगतान

***280 श्री घनश्याम ठाकुर (मनोनीत):**

क्या **पंचायती राज** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि बिहार ग्राम कचहरी संचालन नियमावली, 2007 के प्रस्तावित संशोधन हेतु बिहार के सभी जिला पदाधिकारी से पत्रांक 4595 पं०रा०-19.07.2019 के माध्यम से अपर सचिव पंचायत राज विभाग बिहार पटना के मंतव्य की मांग की गई थी जिसके आलोक में अधिकांश जिला पदा० द्वारा खाता संचालन कचहरी सचिव के साथ संयुक्त रूप से करना है;

(ख) क्या यह सही है कि राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के संविदा कर्मियों की सेवानिवृति की आयु 60 वर्ष की गई है एवं प्रतिवर्ष मानदेय की वृद्धि की गई है;

(ग) क्या यह सही है कि कचहरी सचिव को इससे वंचित रखा गया है;

(घ) क्या यह सही है कि वित्तीय वर्ष 2020-21 के मानदेय का भुगतान भी उन्हें नहीं किया गया है;

(ड़) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कचहरी सचिवों की सेवानिवृत की आयु 60 वर्ष, मानदेय वृद्धि एवं बकाये मानदेय का भुगतान करेगी, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## सडक की मरम्मती

***281 श्री संजीव श्याम सिंह (शिक्षक गया):**

क्या **ग्रामीण कार्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि गया जिला के कोंच प्रखण्ड अन्तर्गत मुडेरा-अदई-बाली-दिग्घी पथ मरम्मती के अभाव में काफी जर्जर स्थिति में हो गया है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त सड़क पर वाहन तो दूर पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त सड़क की मरम्मती शीघ्र कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## प्रखंड भवन का रख-रखाव

***282 श्री रामईशबर महतो (विधान सभा):**

क्या **ग्रामीण विकास** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि सीतामढ़ी जिला अन्तर्गत बोखड़ा प्रखंड मुख्यालय के भवन की स्थिति ठीक नहीं है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त प्रखण्ड के मुख्यालय का भवन 2016 बनकर तैयार हुआ तथा उसी वर्ष उसका उद्घाटन हुआ;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त प्रखण्ड के मुख्यालय भवन के छत से रिसाव हो रहा है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखंड के भवन के रख-रखाव की जिम्मेवारी किसी सक्षम संस्था को देना चाहती है?

----

## निवास भवन का निर्माण

***283 श्री सर्वेश कुमार (स्नातक दरभंगा):**

क्या **ग्रामीण विकास** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि सरकार के पास राज्य के प्रखण्ड मुख्यालयों के भवन एवं अधिकारियों, कर्मचारियों के निवास हेतु भवन के लिए कोई योजना है;

(ख) क्या यह सही है कि शाम्हो-अकहा-कुरहा प्रखण्ड का निर्माण 2004 में ही हुआ था, प्रखण्ड बनने के 18 साल बाद भी वहां न प्रखण्ड कार्यालय का भवन है, ना अधिकारियों-कर्मचारियों का निवास;

(ग) क्या यह सही है कि शाम्हो-अकहा-कुरहा प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय-सह-आवासीय भवन के निर्माण हेतु भूमि के स्वामित्व की पुष्टि का प्रतिवेदन बेगूसराय जिला अधिकारी द्वारा विभाग को प्रेषित कर दिया गया है;

(घ) क्या यह सही है कि भवन निर्माण निगम लिमिटेड के पत्रांक- 226, दिनांक- 29.01.2020 द्वारा शाम्हो-अकहा-कुरहा प्रखंड भवन के लिए वास्तुविदीय नक्शा तैयार कर ग्रामीण विकास विभाग के अनुमोदन हेतु भेजा गया है;

(ङ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शाम्हो-अकहा-कुरहा प्रखण्ड कार्यालय का भवन एवं अधिकारियों-कर्मचारियों का निवास बनाना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## पुलिया का निर्माण

***284 श्री संजय सिंह (मनोनीत):**

क्या **ग्रामीण कार्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत बिहपुर प्रखंड के बिहपुर रेलवे स्टेशन से बिहपुर ब्लॉक जाने वाली सड़क के सामने कलबलिया धार में पुलिया के अभाव में ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार कलबलिया धार में जनहित में पुलिया का निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## भुगतान की व्यवस्था

***285 डा. समीर कुमार सिंह (विधान सभा):**

क्या **ग्रामीण विकास** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि मनरेगा में 60:40 की राशि के अनुपात में कार्य करने की व्यवस्था है;

(ख) क्या यह सही है कि 40% की राशि से निर्माण कार्य किया जाता है;

(ग) क्या यह सही है कि निर्माण कार्य में सामग्री का भुगतान सामग्री बेचने वाले के खाते में किया जाता है;

(घ) क्या यह सही है कि सम्पूर्ण बिहार में निर्माण कार्य के लिए सामग्री का भुगतान नहीं हुआ है;

(ङ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार भुगतान की व्यवस्था यथाशीघ्र करना चाहती है, नहीं तो क्यों?

----